खबर संक्षेप

## खाते से उड़े सात लाख दहशत में क्षेत्रवासी



**हरिभूमि न्यूज़, हर्रई।** समय और श्रम की बचत के साथ साथ छोटे बड़े सभी प्रकार के लेन देन में ऑनलाइन बैंकिंग जहां अत्यधिक सुविधाजनक है तो वहीं हर्रई में 15 एवं 16 जून को रामगोपाल पिता प्रभुदयाल साहू के खाते से सात लाख रुपए उड़ जाने से क्षेत्रवासी दहशत में हैं।अपने बैंक खाते में पैसे रखकर व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है,परन्तु हाल ही का घटनाक्रम सिस्टम पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाता है।रामगोपाल साहू के खाते से दो दिनों में क्रमशः 16 बार में लगभग सात लाख रुपए का चूना लगा दिया गया। संज्ञान में आते ही संबंधित व्यक्ति एवं उसके परिवार के होश उड़ गए तथा हर्रई थाने में लिखित में शिकायत दर्ज की गई। पीड़ित द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक सहित साइबर सेल में शिकायत दर्ज की गई है तथा मामले की जांच कर घटना को अंजाम देने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर धनराशि वापिस दिलाने की गुहार लगाई गई है।

# नैक' और 'फैकेल्टी डेवलपमेंट'पर 6 दिवसीय कार्यशाला का आगाज

### सिमटी महाविद्यालय रिधोरा में हो रहा है आयोजन.....



**सौसर।** रेवनाथ चौरे शिक्षण महाविद्यालय और सिमटी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार 23 जून तक 'नैक मूल्यांकन' और 'फैकेल्टी डेवलपमेंट' पर आधारित 6 दिवसीय विशेष कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। साथ ही, आगामी 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर भी संस्था में शुरू हो गया है।

कार्यक्रम के प्रथम दिन गणित विशेषज्ञ डॉ. ए.के. द्विवेदी ने नैक मूल्यांकन के 10 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार पराड़कर ओर संचालन साजिद कुरैशी द्वारा किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के डॉ. देवेंद्र सिंह,हरिश्चंद्र कॉलेज, ने 'उच्च शिक्षा में नवीन शिक्षण विधियाँ' पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने आधुनिक शिक्षा प्रणाली और नैक की दृष्टि से शिक्षकों की भूमिका पर प्रभावी प्रस्तुति दी,नैक कार्यशाला के साथ ही संस्था में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को समर्पित पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। योगाचार्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने उपस्थित स्टाफ विद्यार्थियों को विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया तथा स्वस्थ जीवन में उनकी उपयोगिता के बारे में बताया। संस्था सचिव अनिकेत चौरे ने योग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष अजय चौरे ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्टाफ को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें नैक मूल्यांकन की तैयारी के साथ-साथ अपने महाविद्यालयों को 'आदर्श शिक्षा केंद्र' के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने सभी को लक्ष्य प्राप्ति हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटने के निर्देश दिए। इस अवसर पर योगेंद्र जुनघरे, कंप्यूटर ऑपरेटर संदीप घोलसे सहायक प्राध्यापक साजिद कुरैशी आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति विकास योजना के अंतर्गत शास संदीपनी विद्यालय में रखी गई प्रतियोगिता



**हर्रई** / शासकीय सांदीपनि विद्यालय हर्रई के सभा कक्ष में विकास खण्ड स्तरीय प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत कुक कम हेल्पर्स हेतु कुकिंग कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न व्यजनों का स्वाद चखने के बाद अतिथियों ने समूह के लोगों से अपील की। की जैसा स्वादिष्ट भोजन हमें कराया है वैसा ही भोजन बच्चों को भी कारए।

जिसमें विकास खण्ड हर्रई के 25 स्कूल की रसोइयों ने भाग लिया। रसोइयों द्वारा स्वादिष्ट भोजन तैयार कर, स्टॉल लगाकर प्रस्तुत किया गया। निर्णायक समिति द्वारा प्रत्येक रसोइयों द्वारा तैयार किये गये भोजन को चखा कर अंक प्रदान किये गये एवं इस अवसर पर प्रथम विजेता को पांच हजार रूपये की राशि नगद पुरस्कृत की गयी। एवं द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान हेतु तीन हजार, दो हजार एवं एक हजार की राशि पुरस्कृत की गयी। शेष प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री भाजपा मनोज नेमा, मण्डल अध्यक्ष, रामनारायण धुर्वे , चंदा पटवा मण्डल उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष शंभूदयाल राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरई की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक, सांदीपनि प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु मध्याह्न भोजन प्रभारी कैलाश मरसकोले, संकुल ईएमपी, समस्त जनशिक्षक एवं कार्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

## जिले के किसानों को मिला किसान निधि का लाभ



*** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में आयोजित हुआ कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किस्त जारी करते हुए देशभर के 9.44 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपये की राशि सीधे अंतरित की। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर में आयोजित राज्य स्तरीय पश्चिम बंग दिवस समारोह में प्रधानमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से यह राशि किसानों के खातों में भेजी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डिजिटल कृषि मिशन का शुभारंभ भी किया। किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के समावेश, उत्पादकता वृद्धि और किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डिजिटल कृषि मिशन किसानों को तकनीक आधारित सेवाओं से जोड़कर खेती को अधिक लाभकारी और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

जिला मुख्यालय मंडला में भी इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद मंडला के अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित जिले के प्रगतिशील कृषकों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन का श्रवण किया।

कार्यक्रम के समापन पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं कलेक्टर द्वारा उपस्थित कृषकों का सम्मान किया गया तथा उन्हें कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में बांटे फल और बिस्किट...............



**नारायणगंज।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारायणगंज एवं युवा कांग्रेस नारायणगंज द्वारा एक जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) पहुँचकर वहाँ भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए फल एवं बिस्किट का वितरण किया। इस सेवा कार्य के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से लेकर युवा कार्यकर्ताओं तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव संदीप सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी, नारायणगंज मंडलम अध्यक्ष विपिन सोनी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रितेश सोनी, और ब्लॉक अध्यक्ष प्रियांश अग्रवाल उपस्थित रहे। अस्पताल में मरीजों की सेवा करते हुए नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी जी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाना ही उनके प्रति सच्ची शुभकामना है। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी हिरदेश साहू, मयूर श्रीवास, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष बसंत चक्रवर्ती, मनीष सिंगरुर, वरिष्ठ कांग्रेसी राजाराम कुड़ापे, गुड्डा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## माहिष्मती घाट पर होगा जिला स्तरीय योग अभ्यास, मंत्री श्रीमती संपतिया उईके होंगी शामिल

*** योग दिवस पर ही तीन जगह लगेंगे वृहद रक्तदान शिविर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विश्व योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को जिले भर में सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम नगर के माहिष्मती घाट पर सुबह 6 बजे से होगा। कार्यक्रम में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके शामिल होंगी।

### रामनगर के मोती महल सहित कई जगह होंगे आयोजन

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में माहिष्मती घाट के अलावा जिले के विभिन्न अंचलों में भी योग सत्र आयोजित किए गए हैं। रामनगर स्थित ऐतिहासिक मोती महल परिसर में भी सामूहिक योग अभ्यास कराया जाएगा। इसके साथ ही जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में भी विद्यार्थियों के लिए विशेष योग सत्र रखे गए हैं।

### तीन स्थानों पर रक्तदान शिविर, सुबह 8 बजे से शुरुआत

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर ही जिले में वृहद रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। सुबह 8 बजे माहिष्मती घाट पर मंत्री श्रीमती संपतिया उईके शिविर का शुभारंभ करेंगी। इसके बाद ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल और जिला चिकित्सालय में दिनभर रक्तदान शिविर चलेगा। दोनों कार्यक्रमों में मंत्री श्रीमती उईके की मौजूदगी रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से योग अभ्यास और रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## स्थाई शिक्षा समिति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जनपद पंचायत सभागार में स्थाई शिक्षा समिति जनपद पंचायत नारायणगंज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभापति अविनाश शर्मा द्वारा की गई तथा विकासखण्ड नारायणगंज के समस्त HS, HSS विद्यालय के प्राचार्य, एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति रही।

बैठक में विद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक एवं विकासात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। नवीन प्रवेश (नामांकन) की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों के नामांकन हेतु आवश्यक प्रयास करने का निर्णय लिया गया। विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं, निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तकों, साइकिल वितरण तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई।

बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए सत्र 2026-27 में बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु विशेष रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। आगामी परीक्षाओं की तैयारी, अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने संबंधी सुझाव भी दिए गए।

विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, खेलकूद एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर चर्चा की गई। विद्यालय में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा उन्हें समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण एवं जल संवर्धन हेतु हेतु अभियान जिसमें एक पेड़ मां के नाम के तहत सीड बाल बनाकर वर्षाकाल में वृक्षारोपण तथा संस्था परिसर में शोक पिट, वाटरहारवेस्टिंग आदि का निर्माण कर वर्षा जल संचयन भी शामिल है। विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने का निर्णय लिया गया। सभापति द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।




अनदेखी | बारिश शुरू होते ही नारायणगंज नगर में बढ़ी परेशानी।

# खुले नाले-नालियां दे रहे हादसों को न्योता

*** शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज







जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया उर्फ नारायणगंज नगर में नाले-नालियों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। बारिश का मौसम शुरू होने के बावजूद पंचायत प्रशासन द्वारा नालियों की नियमित सफाई और मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है, जिससे आवागमन में कठिनाई होने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों के अनुसार इस गंभीर समस्या को लेकर पंचायत एवं जनपद स्तर पर कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें की गई हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। परिणामस्वरूप नगर के कई क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था चरमरा गई है।

### खुले चेंबर और नाले बने खतरे का कारण

नगर में कई स्थानों पर नालों के चेंबर खुले पड़े हुए हैं, जो आम नागरिकों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इन चेंबरों में कचरा और पॉलीथिन जमा होने से जल निकासी बाधित हो रही है तथा कई स्थानों पर नाले जाम हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आए दिन लोग इन खुले चेंबरों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन पंचायत द्वारा उन्हें ढंकने या सुरक्षित करने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है।

### स्वच्छता अभियान पर उठ रहे सवाल

एक ओर पूरे देश में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं नारायणगंज नगर में इसकी स्थिति चिंताजनक दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत का ध्यान बाजार एवं अन्य करों की वसूली पर अधिक केंद्रित है, जबकि नाली सफाई, सड़क रखरखाव और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नगरवासियों ने पंचायत प्रशासन से मांग की है कि बारिश के मौसम को देखते हुए नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए, खुले चेंबरों को सुरक्षित ढंग से बंद कराया जाए तथा जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि संभावित दुर्घटनाओं और जनसमस्याओं से बचा जा सके।

# गोबर खाद, जैविक संसाधनों से मिलेगा बेहतर मुनाफा -विवेक बंटी साहू

## प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन संपन्नः



केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी नगर के अन्नपूर्णा लॉन में जिला के सांसद विवेक बंटी साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष शेष राव यादव ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में किसान जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाते थे, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति और पर्यावरण संतुलन बना रहता था। उन्होंने वर्तमान में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से खेती और मानव स्वास्थ्य दोनों पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभावों पर चिंता व्यक्त की।श्री शैलेन्द्र रघुवंशी ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सांसद विवेक बंटी साहू ने भी प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूरिया एवं डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों का संतुलित एवं आवश्यकतानुसार ही प्रयोग करने की सलाह दी।

सांसद ने खेतों में अधिक मात्रा में गोबर की खाद एवं जैविक संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इससे मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है और फसलों की उत्पादकता भी बढ़ती है। यह किसानों के लिए बेहतर मुनाफे का मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक रमेश दुबे,मुख्य कृषि अधिकारी धीरज ठाकुर, विधानसभा प्रभारी लखन, वर्मा,जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी और अन्य उपस्थित अतिथियों ने जैविक कृषि अपनाने किसानों से आग्रह किया, । अधिकारियों ने संबंधित विभागों को किसानों को योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी वैज्ञानिकगण, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान और बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकार की विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

# मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील, शांति समिति की बैठक संपन्न



**चौरई।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार शाम चौरई तहसील सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम प्रभात मिश्रा ने की, जबकि थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रभात मिश्रा ने कहा कि मोहर्रम पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने सभी समुदायों के लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूसों के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में नायब तहसीलदार चरण सिंह धुर्वे, कपूरदा चौकी प्रभारी पारसनाथ आर्मो, बीएमओ डॉ. अशोक सेन, प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय सेन, मध्यप्रदेश मीडिया संघ चौरई अध्यक्ष मनोज साहू, उपाध्यक्ष ओम विश्वकर्मा, सौरभ जैन,नीरज शर्मा, अवनीश सोनी, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष सचिन वर्मा सहित विभिन्न धर्मों के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ संपन्न कराने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# सौसर में अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो



**9 वर्षीय बालक ओर दो यात्री गंभीर,छिंदवाड़ा रेफर, क्षेत्र की गाड़ियों में नियम से अधिक हो रहा है परिवहन**

**सौसर।** नगर में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा घटित हुआ, जिसमें यात्रियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 9 वर्षीय मासूम सहित 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उनमें से 3 लोगों को छिंदवाड़ा रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद से ऑटो चालकों की मनमानी और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार,सौसर बस स्टैंड से एक ऑटो सवारियां भरकर बोरगांव, रेमंड और लोधीखेड़ा की ओर जा रहा था। जैसे ही ऑटो 'श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक' पहले ऑटो का अगला पहिया एक गहरे गड्ढे में जा धंसा। असंतुलित होकर ऑटो सीधे सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा टकराया और पलट गया। लोगों की मदद से सभी मरीजों को सौसर अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को छिंदवाड़ा रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों और यात्रियों ने बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि ऑटो चालक शराब के नशे में नजर आ रहा था। साथ ही, ऑटो में नियम से अधिक सवारियां भरी गई थीं। यात्रियों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने इन मनमाने ऑटो चालकों पर लगाम नहीं कसी, तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं।



गंभीर रूप से घायल हुए हैं बालक संस्कार धोबने (9 वर्ष) निवासी लोधीखेड़ा,रामकृष्ण शेलारे (55 वर्ष) निवासी निमनी,पुष्पा बाई सहारे निवासी संगीत धाम कॉलोनी, लोधीखेड़ा को जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर कर दिया गया है। एक अन्य घायल का महिला रजनी ढोबने लोधिखेडॉ का उपचार सौसर में जारी है।

**स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सौसर से बेरडी, लोधीखेड़ा, रामाकोना, मोहगांव और बोरगांव की ओर चलने वाले अधिकांश ऑटो में रोजाना क्षमता से अधिक सवारियां भरी जाती हैं। शराब पीकर वाहन चलाने की शिकायतें भी आम हो चुकी हैं। पूर्व में भी ओवरलोडिंग के संबंध में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन प्रशासन और परिवहन विभाग की अनदेखी के चलते ऑटो चालकों के हौसले बुलंद हैं। घायल यात्रियों और आम जनता ने पुलिस व परिवहन विभाग से मांग की है कि ऐसे लापरवाह और नशे में वाहन चलाने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी निर्दोष की जान न जाए।

# पहले जलाए गए पुतले , फिर काटा गया केक



**परासिया :-** शुक्रवार 19 जून को अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस के द्वारा सबसे पहले अलग - अलग 19 जगह केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ पुतले जलाए गए । उसके बाद केंद्र में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर काटा गया । पुतले जलाए जाने के दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा की राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।

शुक्रवार दोपहर 12 बजे परासिया तहसील के सामने एवं चांदामेटा , बड़कुही , न्यूटन , अंबाड़ा , भमोड़ी , दीघावानी , पलटवाड़ा , छिंदा , छित्तरी , बेलगांव , शिवपुरी , खिरसाडोह , पगारा , मंडला - मंडली , कोहका - दमुआ , इकलहरा , रावनवाड़ा और झूर्रेमें पुतला जलाया गया । पुतला दहन के दौरान कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष कमल राय ने कहा कि इस निकृष्ट सरकार ने जनता से सिर्फ और सिर्फ झूठ बोला है । झूठी घोषणाएं की है जो आज तक पूरी नहीं हुई । काले धन और जाली नोट के नाम पर नोट बंदी कर जनता को परेशान और त्रस्त करने का काम जो शुरू हुआ वह आज भी सिलसिलेवार जारी है । पहले नोट बंदी से देश को आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह कमजोर किया । नोट बंदी और वोट की चोरी से लोकतंत्र की हत्या कर दी । रेल , तेल और गैस के दाम बढ़ाकर जनता का दम निकाल दिया । इसी तरह दीघावानी और छिंदा में भी पुतला दहन किया गया । यहां कांग्रेस नेता अलाउद्दीन खान के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया । इसके अलावा ब्लाक कांग्रेस कार्यालय परासिया में राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर केक काटा गया । पुतला दहन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के अंबाड़ा से संजय राय, कमल राय , इकलेहरा से अरविन्द चौरसिया , भगवानदीन यादव , बड़कुही से निसार अहमद , देवीराम विश्वकर्मा , चांदामेटा से सुशील जायसवाल , गगन खंडूजा ज़न्दिगी परासिया से सोहन बाल्मीक विधायक , बसन्त मालवी , वीर बहादुर सिंह , गोविन्द बजोलिया , न्यूटन से राजेश डेहरिया , भरत डेहरिया , किरवारी से राहुल जायसवाल , आशीष सिकन्दरपुरे , बेलगांव राजा राय , यशवंत सूर्यवंशी , मुकुन्द शाह नर्रे , ख़रिसाडोह से अशोक डेहरिया , आनन्द बेलवंशी , नितिक डेहरिया , रावनवाड़ा से राजकुमार यादव , सन्तोष भारती , दीघावानी से विक्रम मरकाम , अलाउद्दीन खान , छिन्दा से सुरेश राय , परमेश्वर गुप्ता , शिवपुरी से महेन्द्र पवार , अंजली श्रीवास्तव , फेमुन्निशा कुरेशी , झुर्रे से गंगाधर बारसिया , अशोक आम्रवंशी , मंडला मण्डली मनीष ऊइके , अशरफ खान , दमुआ से राकेश सरेआम , गणेश ईवनाती , जगदीश धुर्वे एवं पदाधिकारी कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

## नस्ल सुधार एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों में जिले ने हासिल की प्रथम रैंकिंग

# लखपति गौ-पालक दीदी योजना में बालाघाट जिला फिर अव्वल

**बालाघाट। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी 'लखपति गौ-पालक दीदी योजना' के अंतर्गत बालाघाट जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नस्ल सुधार आधारित इस ग्रामीण आय संवर्धन मॉडल का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पशुपालकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि करना है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा सतत समीक्षा किए जाने से यह उपलब्धि हासिल हुई है।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य के अनुरूप पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा यह योजना प्रारंभ की गई है। योजना का मूल मंत्र "शून्य पूँजीगत निवेश, अधिकतम आनुवंशिक एवं आर्थिक लाभ" है। इसके अंतर्गत अवर्णित गाय एवं भैंसों का उच्च नस्ल के वीर्य (HGM Bull, Conventional एवं Sexed Semen) से कृत्रिम गर्भाधान कराकर उन्नत नस्ल की बछिया एवं पड़िया तैयार की जाती हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार इन उन्नत नस्ल की संतानों से भविष्य में दुग्ध उत्पादन में लगभग ढाई गुना तक वृद्धि की संभावना रहती है। एक बछिया अथवा पड़िया के जीवनकाल में पशुपालक को लगभग 3 से 4 लाख रुपये का अतिरिक्त लाभ प्राप्त हो सकता है। यदि किसी परिवार के पास 3 से 4 ऐसी उन्नत पशु संतानें हों तो उनकी आय 10 लाख रुपये से अधिक तक पहुंच सकती है, जिससे "लखपति गौ-पालक दीदी" की अवधारणा साकार होगी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार हिरण्यगर्भा योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों में भी बालाघाट जिले का प्रदर्शन प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ रहा है। जिले ने अवर्णित पशुओं में 58 प्रतिशत कृत्रिम गर्भाधान कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा कुल कृत्रिम गर्भाधान में 67 प्रतिशत उपलब्धि, अक्रियाशील मैत्री गौसेवकों से 66 किटों की वापसी, 1756 सेक्स सॉर्टेड सीमन स्ट्रॉ (SSS) का उपयोग, AVFO द्वारा 96 कृत्रिम गर्भाधान, क्षीरधारा ग्रामों में 277 शिविरों का आयोजन तथा एफएमडी टीकाकरण अभियान के सातवें चरण में 67.51 प्रतिशत टीकाकरण जैसी उपलब्धियां भी जिले के खाते में दर्ज हुई हैं।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रभारी उप संचालक डॉ. घनश्याम परते ने बताया कि इन सभी योजनाओं और गतिविधियों का उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों की आय बढ़ाना तथा दुग्ध उत्पादन में स्थायी वृद्धि करना है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा नियमित समीक्षा, गर्भ परीक्षण एवं उन्नत नस्ल की संतानों के जन्म की निगरानी की जा रही है, जिससे योजना के बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। बालाघाट जिले की यह उपलब्धि न केवल पशुपालन क्षेत्र में उसकी सक्रियता को दर्शाती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हो रही है।

## एपीसी बैठक की तैयारियों के लिये कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**बालाघाट।** खरीफ फसलों के अधिक उत्पादन की प्रगति कों लेकर होने वाली एपीसी की बैठक के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 20 जून को कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य उद्योग, पशुपालन एवं सहकारी बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी को जिले में मक्का व मूंगफली की फसल में उत्पादकता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना नें जिले में ड्रीप स्प्रिंकलर सिचाई कों प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इसके साथ हीं उन्होंनें सभी फसलों के बीजो का बटवारा शीघ्र कराने के निर्देश दिए और कहा की किसानों कों उत्तम किस्म के बीज उपलब्ध होने चाहिए ताकि उन्हें खेती करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# बैहर में उपयोगिता जल प्रबंधन परियोजना का भूमि पूजन

## जनकल्याण शिविर में सुनी गईं आमजन की समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** नगर परिषद बैहर में 19 जून को उपयोगिता जल प्रबंधन परियोजना के भूमि पूजन एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम, सांसद प्रतिनिधि बैहर श्री सुरेंद्र गुड्डा मरकाम, मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत नेताम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अर्पित गुप्ता, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री एस.आर. धुर्वे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री अनुपमा मरावी, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती कल्पना पंद्रे, सुश्री प्रज्ञा राठवे एवं श्रीमती आयुषी नंदा सहित पशुपालन, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनकल्याण शिविर के दौरान सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को प्रदान की गई।

इस अवसर पर किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए ग्राम पिपरिया एवं ग्राम गोवारी के कृषकों को जनप्रतिनिधियों के करकमलों से अरहर एवं धान के बीज वितरित किए गए। किसानों ने बीज वितरण एवं विभागीय मार्गदर्शन के लिए जनप्रतिनिधियों और कृषि विभाग का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जल प्रबंधन, कृषि विकास एवं जनकल्याण से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे शिविर आमजन एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का माध्यम हैं।

# शासकीय टिहली बाई माध्यमिक शाला भवन परिसर में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रविवार 21 जून को मनाने की तैयारियां नगर में पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में जोर शोर से चल रही है। पिछले एक सप्ताह से समिति द्वारा संचालित नगर के सभी वार्डो के योग केंद्रों में विशेष अभ्यास चल रहा था। जिसकी अंतिम रिहर्सल 20 जून को टिहली बाई माध्यमिक शाला भवन परिसर में की गई। योग गुरु भेजेंद्र चौधरी ने बताया कि रविवार 21 जून की सुबह 5 बजे से योग दिवस के कार्यक्रम प्रारंभ हो जायेगे। इस वर्ष के योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रखी गई है। हमारा उद्देश्य₹योग को बढ़ावा देना है, जो एक समाज सेवा है, क्योंकि स्वस्थ लोग ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं।

सुबह 5 बजे से योग साधको द्वारा अपनी प्रतिदिन की योग क्रियाएं की जाएगी, बच्चों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया जाएगा, फिर सुबह 6 बजे से कलकत्ता में होने वाले मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन सुनने के बाद सामूहिक योग क्रिया की जाएगी। योग गुरु श्री चौधरी ने पतंजलि योग समिति की सभी शाखाओं के योग साधको के साथ नगरवासियों से भी अपील की है कि वह इस कार्यक्रम में शामिल होकर स्वस्थ जीवन का लाभ उठाएं।

# प्रतिबंध बेअसरः लांजी में खुलेआम बिक रही मछलियां, प्रशासन मौन

**16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रोक के बावजूद बाजारों में धड़ल्ले से बिक्री, कार्रवाई न होने से उठे गंभीर सवाल**



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले में वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों के संरक्षण और प्रजनन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है। इसके बावजूद लांजी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस आदेश की खुलेआम अवहेलना हो रही है। बाजारों में बड़ी मात्रा में मछलियों का क्रय-विक्रय जारी है, जिससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। प्रतिबंध लागू होने के बाद उम्मीद की जा रही थी कि मत्स्य विभाग और प्रशासन सख्ती दिखाएगा, लेकिन जमीनी हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं। लांजी के प्रमुख बाजारों में रोजाना मछलियों की बिक्री हो रही है और जिम्मेदार विभाग अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाया है।

**नगर के प्रमुख बाजारों में खुलेआम कारोबारः** लांजी नगर के सालेटेकरी रोड स्थित गुजरी मटन एवं मछली मार्केट में प्रतिदिन भारी मात्रा में मछलियों की बिक्री हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां रोजाना 50 से 100 क्विंटल तक मछलियों का कारोबार हो रहा है। इसके अलावा नंदोरा चौक क्षेत्र में भी शाम ढलते ही सड़क किनारे कई अस्थायी दुकानें सज जाती हैं, जहां मछली व्यापारी बेखौफ होकर कारोबार कर रहे हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बाजारों में चल रहा यह कारोबार सभी को साफ दिखाई दे रहा है। आमजन और मीडिया लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

**ग्रामीण हाट-बाजारों में भी नहीं थम रही बिक्रीः** लांजी नगर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों के साप्ताहिक हाट-बाजारों में भी मछलियों की बिक्री खुलेआम जारी है। नगर पंचायत के साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में मछली विक्रेता सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। गांवों से लेकर कस्बों तक मछली व्यापार पर रोक का असर कहीं नजर नहीं आ रहा। इस स्थिति ने प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो प्रतिबंध केवल कागजी आदेश बनकर रह जाएगा।

**नियम उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधानः**कलेक्टर मृणाल मीणा ने वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन और वंशवृद्धि को ध्यान में रखते हुए बंद ऋतु घोषित की है। नियमों के अनुसार इस अवधि में मत्स्याखेट के साथ-साथ मछली विक्रय, परिवहन और विनिमय पर भी पर्ण प्रतिबंध लागू है। मत्स्य विभाग के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के तहत एक वर्ष तक का कारावास, 5 हजार रुपए तक जुर्माना अथवा दोनों दंड दिए जाने का प्रावधान है। बावजूद इसके क्षेत्र में नियमों की अनदेखी जारी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कब सख्त कदम उठाता है।

# विश्व सिकल सेल दिवस पर जिला चिकित्सालय बालाघाट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, 575 लोगों की हुई जांच

**बालाघाट।** विश्व सिकल सेल दिवस 2026 के अवसर पर जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी), जिला चिकित्सालय बालाघाट में मुस्कान ओपीडी के अंतर्गत विशेष जागरूकता एवं जांच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के निर्देशन में किया गया।

इस वर्ष विश्व सिकल सेल दिवस की थीम ₹जीवन रक्षा के अंतर को समाप्त करना, सिकल सेल देखभाल में समानता सुनिश्चित करना₹ रही। कार्यक्रम के दौरान 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों की सिकल सेल जांच की गई तथा गर्भवती महिलाओं, उनके परिजनों, बच्चों, सिकल सेल पॉजिटिव मरीजों एवं आमजन को रोग के प्रति जागरूक किया गया।

सिकल सेल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री राजाराम चक्रवर्ती ने उपस्थित लोगों को सिकल सेल जांच के महत्व, रोग के लक्षण, समय पर उपचार, परिवार की भूमिका तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रद्धा बारमेट एवं डॉ. स्वाति मेश्राम ने गर्भावस्था के दौरान सिकल सेल एनीमिया के प्रभाव, संभावित जटिलताओं तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सालय परिवार, नर्सिंग स्टाफ, आशा कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग से कुल 575 व्यक्तियों की सिकल सेल जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व सिकल सेल दिवस पर जिलेभर में कुल 1899 लोगों की जांच की गई।

कार्यक्रम में डॉ. मनमोहन हरदहा, क्षेत्रीय समन्वयक (सिकल सेल), नर्सिंग ऑफिसर एवं सिकल सेल डे-केयर प्रभारी श्रीमती माधुरी बेंद्रे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

## जिला आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र कुमार खोबरिया ने ग्रहण किया पदभार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में हुए प्रशासनिक फेरबदल के तहत नवपदस्थ जिला आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र कुमार खोबरिया ने शुक्रवार को सिवनी में पदभार ग्रहण कर लिया। शासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार उनका तबादला नरसिंहपुर से सिवनी किया गया है।
पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर जिले में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), राशन वितरण व्यवस्था एवं खाद्यान्न प्रबंधन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। नवागत डीएसओ श्री खोबरिया ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना, उचित मूल्य दुकानों की नियमित निगरानी तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण उनकी प्राथमिक प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

## राज्य अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष डॉ. जाटव 26 जून को सिवनी आयेंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव प्राप्त अधिकृत दौरा कार्यक्रम के अनुसार 26 जून 2026 को सिवनी जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. जाटव 26 जून को नरसिंहपुर से सडक़ मार्ग द्वारा अपराह्न 3 बजे सिवनी पहुंचेंगे। डॉ. जाटव अमर शहीद बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर ग्रैंड रजवाड़ा लॉन, लूघरवाड़ा, सिवनी में आयोजित विचार संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम उपरांत डॉ. जाटव सर्किट हाउस, सिवनी में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके पश्चात 27 जून 2026 को प्रातः 10 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## नगर पालिका द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित मकानों में हितग्राहियों का कराया गया गृह प्रवेश एवं भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा निकाय क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर वार्ड क्रमांक 22 में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राही श्रीमति मेहती बाई रजक, श्रीमति गुलाबा बाई यादव, श्रीमति प्रेमा बाई के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित 03 मकानों में उनका गृह प्रवेश करवाया गया साथ ही बिंदु गोसाई के मकान का भूमिपूजन करवाया गया। गृह प्रवेश के दौरान निकाय के सहायक यंत्री श्रीमति देवेश्वरी धुर्वे, सहायक लिपिक शुभम मालवी द्वारा पात्र हितग्राहियों के गृह प्रवेश पर उन्हे शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर साहिल ठाकुर, मनीश कश्यप, कपिल मासूलकर उपस्थित रहे।

## बाल देखरेख संस्थाओं का जिला निरीक्षण समिति ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के आदेशानुसार जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय बाल देखरेख संस्थाओं के नियमित निरीक्षण हेतु जिला निरीक्षण समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं किशोर न्याय आदर्श संशोधन नियम, 2022 के तहत गठित जिला निरीक्षण समिति द्वारा 18 जून 2026 को जिले में संचालित शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं विशेष गृह, संप्रेक्षण गृह एवं सुरक्षित स्थान सिवनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती शशिबाला डेहरिया, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं सदस्य-सचिव मनोज तारोकर, अशासकीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं गूंज संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चौहान तथा पूर्व सदस्य किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति श्रीमती संध्या चंदेल उपस्थित रहीं।

भीषण गर्मी में पानी का मचा हाहाकार

# बैनगंगा नदी के सूखने से गिर गया इंटक वेल का जलस्तर केन्द्रीय जल आयोग मिशन के अंतर्गत चल रहा प्रोजेक्ट

## रियान वाटर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कर रही है काम

**सिवनी जिले के अंतर्गत केवलारी विधानसभा की उप तहसील उगली और पां.छपारा के मध्य 32 ग्राम पंचायतों को सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा प्रस्तावित नल जल योजना के अंतर्गत रियान वॉटर टैंक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा नगर की मोक्षदायिनी बैंन गंगा नदी में निर्माणाधीन इंटक वेल ग्राम पंचायत भरवेली के अंतर्गत गत दिवस पत्रकारों ने अवलोकन किया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



इस भीषण गर्मी और निकट मानसून के बीच पेयजल की आपूर्ति होना पाया गया था, जिसके आधार पर उपस्थित अधिकारी,कर्मचारियों के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इंटक वेल के निकट ब्रिटिश गवर्नमेंट कालीन समय में वर्ष 1912 के समय ढूटी बाँध जलाशय का निर्माण किया गया था, इस बांध से पानी की सप्लाई गेट खोल दिए गए थे,जिसकी वजह से वैनगंगा नदी का जलस्तर नीचे गिर गया और नदी सूख गई इस वजह से इंटक वेल में वाटर सप्लाई का कार्य अवरुद्ध हो गया, और जिन ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था सुचारू थी, वहां पर जल नहीं पहुंच पाया, उपस्थित असिस्टेंट मैनेजर सोयंग प्रकाश ने जानकारी दिया कि हम लोगों ने मजदूर और जेसीबी की मदद से वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था किया और नदी का जलस्तर को संतुलित करने का प्रयास किया है,एक-दो दिन पानी की सप्लाई रुक गई थी, लेकिन अभी सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध होने लगा है, हमारे प्रोजेक्ट के अंतर्गत पूरे उगली उप तहसील के अंतर्गत कुल 24 टंकियां का निर्माण होना है जिसमें 20 टंकियां का निर्माण हो चुका है और चार टंकियां का निर्माण कार्य प्रगतिशील है, जिसमें सारसडोल,रुमाल,सोनखार और नेवरगांव में टंकी निर्माण चल रहा है,जो आगामी एक दो माह के अंतर्गत पूर्ण हो जाएगा अभी 32 ग्रामों में शुद्ध पेयजल की सप्लाई सुचारू रूप से चालू कर दी गई है, जिसका लाभ भी गांव वाले लेने लगे हैं, इसके अंतर्गत उगली के निकट संरडी ग्राम में वाटर प्लांट का भी निरीक्षण किया गया जहां पर उपस्थित लैब असिस्टेंट भारतेंदु त्रिवेदी ने जानकारी दिया कि बैनगंगा नदी से वाटर सप्लाई इस वाटर प्लांट में आने के बाद यहां पर ब्लीचिंग पाउडर,(ऐलम) फिटकरी और अन्य खनिज तत्व का मिश्रण इस प्लांट में किया जाता है,उसके बाद शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए जल का निकास किया जाता है, इस प्रोजेक्ट के कार्य आरंभ की तिथि यदि बात करें तो 8 वर्ष लगभग हो चुके हैं, केंद्र शासन की यह करोड़ों की वृहद जिला परियोजना कक्षप गति से क्रियाशील है, यह योजना पूर्ण रूप से संचालित होने के बाद उगली और पां. छपारा,सरेखा क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं रहेगी।

# जीपीएफ खातों की गुमशुदा कटौतियों के निराकरण हेतु 22 से 25 जून तक जिला स्तरीय शिविर

**महालेखाकार ग्वालियर के निर्देशानुसार जिला कोषालय बालाघाट, सिवनी एवं मंडला के अंतर्गत आने वाले समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा अभिदाताओं के जीपीएफ (सामान्य भविष्य निधि) खातों की गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिए 22 जून से 25 जून 2026 तक जिला स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन बालाघाट में किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जीपीएफ खातों में लंबित गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में संबंधित अधिकारी एवं अभिदाता अपने प्रकरणों से संबंधित समस्त आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।
उन्होंने बताया कि आहरण एवं संवितरण अधिकारी अपने कार्यालय के शाखा प्रभारी अथवा संबंधित लिपिक के साथ शिविर में उपस्थित होकर लंबित प्रकरणों के निराकरण में सहयोग करें, जिससे जीपीएफ खातों का अद्यतन एवं शुद्धिकरण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जा सके। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने संबंधित सभी अधिकारियों एवं अभिदाताओं से निर्धारित तिथियों में आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता और खर्च को लेकर विवाद, जनप्रतिनिधियों ने भी मांगी जवाबदेही

**जनपद पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछुआमाल में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित खेल मैदान को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और खर्च की गई राशि पर सवाल खड़े करते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय तकनीकी एवं वित्तीय जांच की मांग की है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




ग्रामीणों का आरोप है कि खेल मैदान निर्माण के लिए लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद धरातल पर कार्य अपेक्षित स्तर का दिखाई नहीं देता। उनका कहना है कि निर्माण की वास्तविक स्थिति और स्वीकृत राशि के बीच बड़ा अंतर नजर आ रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।
मामले को लेकर जब संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। इससे ग्रामीणों के मन में संदेह और गहरा गया है।

### जनप्रतिनिधियों ने भी जताई नाराजगी

जनपद पंचायत कुरई के अध्यक्ष लोचन सिंह मर्सकोले और उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने भी मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि विकास उनका कहना है कि यदि विकास कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ हुए हैं तो संबंधित विभाग को सार्वजनिक रूप से इसकी जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। कार्यों की जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने संबंधित उपयंत्री के कार्य व्यवहार पर सवाल उठाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग प्रशासन से की है।

### निष्पक्ष जांच से सामने आएगी सच्चाई

ग्रामीणों ने मांग की है कि खेल मैदान सहित पंचायत में हुए सभी विकास कार्यों की स्वतंत्र तकनीकी और वित्तीय जांच कराई जाए। उनका कहना है कि निष्पक्ष जांच से यह स्पष्ट हो जाएगा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हुआ है या नहीं।
बिछुआमाल का यह मामला अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र हस्तक्षेप कर मामले की जांच कराएगा और यदि कहीं अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

# अतिरिक्त कक्षों में संचालित होता है, हाई स्कूल उगली




सिवनी जिले की संवेदनशील तहसील केवलारी की उप तहसील मुख्यालय उगली के निकट संचालित शासकीय हाई स्कूल उगली में लगभग 300 छात्र-छात्राओं की संख्या है, कि यहां पर शाला अतिरिक्त (कक्ष)भवन में संचालित की जा रही है, प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल में उगली में बनने वाली बिल्डिंग इस क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकरी में तीन चार दशक पूर्व में बन गई है, जिसके आधार पर ऑनलाइन पोर्टल में उगली में शाला भवन दिखाई देता है, लेकिन हकीकत में यह बिल्डिंग सकरी में बनी हुई है, जिसको लेकर उगली में नई बिल्डिंग स्वीकृत नहीं हो सकती, उगली स्थित ठाकुरबर्रा खेल मैदान के निकट उप तहसील भवन के नजदीक अतिरिक्त कक्षों में विद्यालय संचालित हो रहा है,शाला के प्रभारी प्राचार्य से जानकारी मिली कि इस सत्र में लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राएं विद्यालय में है, हमें शाला भवन जो अतिरिक्त कक्षों में संचालित हो रहा है विद्यार्थियों को बैठाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है, शासन प्रशासन से कई बार निवेदन भी किया जा चुका है,लेकिन किसी प्रकार का कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है, नया शैक्षणिक सत्र गत दिवस से आरंभ हो गया है, नवीन विद्यार्थियों के एडमिशन और पूर्व छात्र छात्राओं के आधार पर विद्यालय में प्रतिवर्ष संख्या दर बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर शाला प्रबंधन पूरे साल भर विद्यार्थियों को शाला में कहां बैठाले इस चिंता की वजह से ही परेशान नजर आते हैं, जिला प्रशासन से निवेदन है कि शासकीय हाई स्कूल उगली में नवीन भवन की स्वीकृति कर इस गंभीर समस्या से शीघ्र छुटकारा दिलाए।

### इनका कहना है

हमारे विद्यालय यें प्रतिवर्ष नये विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं, जिसके आधार पर छात्र संख्या 300 के उपर है, और विद्यालय में छात्र - छात्राओं को बैठालने की गंभीर समष्या बनी रहती है, हम बच्चों को अन्य स्कूलों में भेजते हैं, प्रवेश के लिये तो पालकों में नाराजगी देखी जाती है।
**प्रभारी प्राचार्य रवींद्र क्षीरसागर**

# अनमोल जायसवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया



प्रतिभाओं की धरती कुरई के होनहार युवा अनमोल जायसवाल ने देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन मानी जाने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर कुरई सहित पूरे जिले में हर्ष और गौरव का माहौल है।
अनमोल के पिता धीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि वे बचपन से ही मेधावी एवं कुशाग्र बुद्धि के छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद उदय पब्लिक स्कूल से 12वीं उत्तीर्ण की और तत्पश्चात सीए फाउंडेशन परीक्षा में सफलता प्राप्त की। निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर उन्होंने मात्र 24 वर्ष की आयु में सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की।
अनमोल, कुरई के प्रतिष्ठित व्यापारी धीरेंद्र जायसवाल एवं अलका जायसवाल के सुपुत्र हैं। उनकी सफलता में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बेहतर शैक्षणिक वातावरण और मार्गदर्शन के लिए उन्होंने नागपुर में रहकर अपनी सीए की पढ़ाई पूरी की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों ने अनमोल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं जायसवाल परिवार ने उनकी सफलता में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।
अनमोल की सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह उपलब्धि इस बात का उदाहरण है कि कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और परिवार के सहयोग से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। अनमोल की विशेष रुचि पेंटिंग और अध्यात्म में भी है, जिसके माध्यम से वे अपने व्यक्तित्व को निरंतर निखारते रहे हैं। उनकी इस सफलता ने कुरई क्षेत्र को एक और गौरवपूर्ण पहचान दिलाई है।

# उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के निरीक्षण में कलेक्टर ने करियर मार्गदर्शन और नवाचार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी का विस्तृत निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सम्पूर्ण विद्यालय परिसर का भ्रमण करने के साथ ही कक्षावार दर्ज विद्यार्थियों की संख्या, उनकी उपस्थिति तथा शिक्षकों की उपलब्धता की जानकारी ली।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय की रसायन, भौतिकी एवं जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं के साथ-साथ पुस्तकालय का अवलोकन किया और वहां उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।



### कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से किया आत्मीय संवाद

कलेक्टर श्रीमती मीना ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उनके भविष्य, रुचियों और करियर विकल्पों पर चर्चा की। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।
उन्होंने विद्यालय प्राचार्य को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के लिए अनुभवी विशेषज्ञों और विषय-विशेषज्ञों की मदद से नियमित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि उन्हें उच्च शिक्षा और रोजगार के विभिन्न अवसरों की बेहतर जानकारी मिल सके।

### अटल टिंकरिंग लैब में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर

कलेक्टर ने विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक सोच और उद्यमिता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर आयुष विभाग द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आयुक्त आयुष संचालनालय भोपाल के निर्देशन तथा कलेक्टर सिवनी श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिला आयुष अधिकारी सिवनी द्वारा आयोजित किया गया।
शिविरों का आयोजन आयुष विंग जिला चिकित्सालय सिवनी, आयुर्वेद चिकित्सालय लखनादौन, आयुर्वेद औषधालय घंसौर, आयुर्वेद औषधालय आदेगांव, खामी एवं सरेखा, एकीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धोबीसर्रा तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोसाई खमरिया में किया गया। शिविरों में सिकल सेल रोगियों की स्वास्थ्य जांच, फॉलोअप एवं परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही एड-ऑन थेरेपी के अंतर्गत पात्र रोगियों को आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण भी किया गया।
आयुष विभाग द्वारा सिकल सेल रोगियों के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन एवं जीवन गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से एड-ऑन थेरेपी के रूप में आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों को नियमित उपचार, संतुलित आहार, पर्याप्त जल सेवन, संक्रमण से बचाव तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के संबंध में आवश्यक सलाह भी दी गई।
शिविरों के दौरान रोगियों एवं उनके परिजनों को सिकल सेल रोग के लक्षण, बचाव, जटिलताओं तथा समय पर उपचार के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। आयुष विभाग द्वारा संचालित इस पहल का उद्देश्य सिकल सेल रोगियों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए उनके स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाना तथा रोग संबंधी जागरूकता बढ़ाना है।

# घंसौर कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित हुई प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषक संगोष्ठी

**जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कृषि आधारित विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को घंसौर कृषि उपज मंडी परिसर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते रहे।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कार्यशाला में कृषकों, कृषि सखियों, प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों तथा कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों, उसके लाभों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा प्राकृतिक खेती से मृदा स्वास्थ्य में सुधार, उत्पादन लागत में कमी तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।
अपने उद्बोधन में सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से मृदा की उर्वरता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ खाद्य उत्पादन के लिए प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया।

### प्राकृतिक खेती की आदान सामग्री निर्माण का दिया गया प्रशिक्षण

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाली विभिन्न आदान सामग्रियों के निर्माण की प्रयोगात्मक जानकारी भी दी गई।
इस अवसर पर जनपद पंचायत घंसौर की अध्यक्ष सरिता परसराम उइके, उपाध्यक्ष श्री राजेश नामदेव, कृषि सभापति श्रीमती स्वाति शशि राजपूत, जनपद सदस्य श्री मनीराम ककोड़िया, किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री प्रदीप राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि श्री सुधीर कुमार धुर्वे, कृषि विभाग के समस्त सहायक संचालक, घंसौर विकासखंड के कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर के औचक निरीक्षण में कलेक्टर सख्त

# छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की जवाबदेही और अधोसंरचना विकास पर दिए विस्तृत निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने शुक्रवार को माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर, सिवनी का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं, छात्राओं की उपस्थिति तथा आधारभूत सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षावार दर्ज छात्राओं एवं उपस्थित छात्राओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि 16 जून से विद्यालय संचालन प्रारंभ होने के बावजूद अधिकांश छात्राएं अब तक परिसर में वापस नहीं लौटी हैं। दर्ज छात्राओं की तुलना में उपस्थिति कम पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती मीना ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक छात्रा और उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क स्थापित कर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें।
उन्होंने घर-घर संपर्क, दूरभाष के माध्यम से संवाद तथा सतत फॉलोअप की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी छात्रा शिक्षा से वंचित न रहे। विद्यालय प्रबंधन नियमित रूप से उपस्थिति की समीक्षा करे तथा अनुपस्थित छात्राओं को शीघ्र विद्यालय से जोड़े।

### अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश

निरीक्षण के दौरान शिक्षक रोशनी जैन, श्वेता जैन एवं भावना चौरसिया अनुपस्थित पाई गईं। इस पर कलेक्टर श्रीमती मीना ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित शिक्षकों के अनुपस्थित अवधि को अवैतनिक किए जाने के निर्देश दिए।
उन्होंने स्पष्ट कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा शिक्षकों को समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

### शाला पहुँच मार्ग का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती मीना ने विद्यालय परिसर तक पहुँच मार्ग की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहुँच मार्ग की स्वीकृति उपरांत निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि छात्राओं एवं शिक्षकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।
उन्होंने कहा कि बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना आवश्यक है और इस दिशा में सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं।

### शिक्षा की गुणवत्ता और नियमित मॉनिटरिंग पर जोर

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि छात्राओं की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और शैक्षणिक गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए विद्यालय, शिक्षक, अभिभावक और प्रशासन के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

### ट्रैक्टर जप्त कर पुलिस ने की कार्यवाही, गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज
# रेत माफियाओं के हौसले बुलंद, रेत चोरी मामले में 13 वर्षीय बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी- लालबर्रा मार्ग पर स्थित गायत्री लॉन के सामने रेत चोरी के कार्य में लगे ट्रैक्टर में मजदूरी का काम कर रहे एक 14 वर्षीय बच्चे की रेत से भरी ट्राली से गिरकर चक्के में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना देर रात करीब दो बजे की बताई जा रही हैं।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर चालक व ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दो ट्रैक्टर को जप्त करने के साथ ही ट्रेक्टर चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है और ट्रैक्टर मालिकों की तलाश की जा रही है।

घटना के सम्बंध में बताया जा रहा हैं कि शशांक दुबे और सोमू शुक्ला नामक ट्रैक्टर मालिक प्रति दिन देर रात्रि से सुबह तक गायत्री मंदिर के पीछे स्थित टोंडिया नाले से सामने खड़े होकर रेत चोरी कर अपने खुद के ट्रेक्टर से परिवहन करवाते थे। जिसमें मजदूरों के रूप में इन ट्रैक्टरों में छोटे छोटे बच्चों का उपयोग किया जाता था। घटना वाले दिन भी 14 वर्षीय कक्षा 9 वीं का छात्र हिमांशु राजेंद्र बुरे रेत निकालने शशांक दुबे के ट्रैक्टर के साथ गया था। जब ट्रैक्टर रेत भरकर नाले से भाग्योदय कालोनी से होकर निकल कर रेत से भरा ट्रैक्टर देर रात करीब दो बजे वारा गाँव की ओर जा रहा था कि तभी गायत्री मंदिर के समीप बालक हिमांशु का बैलेंस बिगड़ जाने से वह नीचे गिर गया और सीधे रेत से भरी ट्राली के टायर के नीचे आ गया, जिससे बालक के सिर के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद ट्रैक्टर के आगे चल रहे ट्रैक्टर मालिक को ड्राइवर ने घटना की सूचना दी। जिस पर मालिक शशांक दुबे ने ड्राइवर और मजदूरों को इस घटना को किसी ट्रक से घटित होना बताने के लिए कहा, जिस पर उस समय तो इन लोंगों ने घटना को किसी ट्रक से घटित होने की जानकारी परिजनों और पुलिस को देकर गुमराह करने का प्रयास किया जिस पर पुलिस भी अज्ञात वाहन की तलाश में थी, लेकिन अस्पताल में बच्चे के शव को देखने के बाद ड्राइवर करण भुरे ने आखिरकार सच उगल ही दिया और घटना की पूरी सच्चाई पुलिस को बता दी कि किस तरह ट्रैक्टर मालिक शशांक दुबे ने उन्हें झूठ बोलने मजबूर किया।

सनद रहे कि ग्राम पंचायत वारा के वार्ड नंबर 5 अटल नगर में निवासरत हिमांशु राजेंद्र बुरे 14 वर्ष सांदीपनि विद्यालय वारा में कक्षा 9 वीं का छात्र था. जिसने एक दिन पूर्व ही कक्षा 9 वीं की पूरक परीक्षा दी थी और रात्रि में रेत चोर के ट्रैक्टर पर मजदूरी करने गया था। बताया जाता हैं कि मछुआरा समुदाय से आने वाले हिमांशु के माता पिता भी मजदूरी का काम करते हैं।





### रेत चोरी पर रोक के दावे की खुली पोल

प्रशासन द्वारा रेत चोरी रोकने के लिए लगातार कार्यवाही करने के बड़े बड़े दावे किए जाते हैं जिसकी पोल शुक्रवार-शनिवार की देर रात्रि हुए इस दर्दनाक हादसे से खुल गई कि प्रशासन के दावे में कितना दम हैं।

बताया जाता हैं कि शशांक दुबे और सोमू शुक्ला के अलावा भी कई ट्रैक्टर मालिको द्वारा टोंडिया नाले और चंदन नदी के विभिन्न घाटों से रेत की चोरी संगठित तरीके से लंबे समय से की जा रही है। जिस पर जिम्मेदारों द्वारा जानकारी रहने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नही की गई। जिसका परिणाम आज 14 साल के मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत के रूप में सामने आया हैं।

देर रात घटना घटित होने के बाद अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिस को जैसे ही पता चला कि घटना ट्रैक्टर से ही घटित हुई हैं, पुलिस ने तुरंत अस्पताल परिसर से ड्राइवर करण भूरे को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया और उसके बाद ट्रैक्टर को शशांक दुबे के घर से जप्त कर थाने में लाकर खड़े करवा दिया हैं।इनका कहना है - पहले पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया था, लेकिन बाद में जांच के दौरान ट्रेक्टर से दुर्घटना होने की बात सामने आने पर चालक करण भुरे को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही दोनों ट्रैक्टर भी जप्त कर थाना परिसर में लाकर खड़ा किया है। मामले में ट्रेक्टर चालक और ट्रैक्टर मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। पवन यादव थाना प्रभारी वारासिवनी।

पुलिस ने ट्रेक्टर मालिक शशांक दूबे और सोमू शुक्ला तथा ट्रेक्टर चालक करण भुरे व शिवा मेश्राम के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या व रेत चोरी की धाराओ(धारा - 105,303(2),95,317(5) BNS 4/21 खान एवं खनिज अधि. , धारा 53/1 म.प्र. गौण खनिज अधिनियम) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। अब तक पुलिस ने ट्रेक्टर मालिक सोमू शुक्ला व ट्रैक्टर चालकों करण भुरे व शिवा मेश्राम को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कारित करने वाले ट्रैक्टर का मालिक शशांक दुबे अभी फरार है।

## साढ़े 8 घंटे 250 गांवों में रहा शटडाउन : इनवर्टर ने भी तोड़ा दम, गर्मी से बेहाल हुए बच्चे और बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 132/33 केवी उपकेंद्र खमरिया में जरूरी सुधार कार्य के चलते शनिवार 20 जून को कटंगी सहित अन्य क्षेत्र के करीब 250 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप रही। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ शटडाउन शाम साढ़े 06 बजे तक यानी करीब साढ़े 08 घंटे जारी रहा। विभाग ने पूर्व में ही इस संबंध में जानकारी दे दी थी। शटडाउन से घरेलू उपभोक्ताओं से लेकर सरकारी दफ्तर, दुकानें और कृषि पंप सब प्रभावित हुए है। गर्मी और उमस के बीच बिजली गुल होने से लोगों का हाल बेहाल हो गया था। उपकेंद्र खमरिया में मेन बस-बार और जम्फर का सुधार कार्य किये जाने की वजह से खमरिया से निकलने वाले कटंगी, तिरोड़ी, वारासिवनी, अरी, कटेघरा और बोनकट्टा सभी 33 केवी फीडर बंद कर दिए गए थे। शटडाउन का असर कटंगी नगर के साथ-साथ तिरोड़ी, वारासिवनी, सुकड़ीघाट, लखनवाड़ा, कोचेवाही, महकेपार समेत इन फीडरों से जुड़े 250 से अधिक गांवों पर पड़ा। सुबह 10 बजे अचानक बिजली गुल होते ही पूरे इलाके में हाहाकार मच गया है। वही विभाग ने शाम 05 बजे तक कटौती होगी ऐसा कहा जिस कारण जैसे ही घड़ी में शाम के 05 बजे सभी लोग अपने-अपने घरों में लाईट, कूलर, पंखों की तरफ देखने लगे किंतु बिजली विभाग के निर्धारित बताए समय से डेढ़ घंटा देरी से शुरू हुई और फिर लोगों ने राहत की सांस ली।



बिजली कटौती से शनिवार को कटंगी मुख्यालय के सभी सरकारी कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत, नगर परिषद, बिजली दफ्तर, बीआरसी, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समेत सभी दफ्तरों में बिजली नहीं होने से कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। कंप्यूटर, प्रिंटर, फोटो कॉपी मशीनें बंद पड़ी रहीं। ऑनलाइन सेंटर के बाहर ताले लटके मिले। प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, समग्र ई-केवाईसी जैसे कामों के लिए पहुंचे लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। बिजली गुल होने का सीधा असर बाजार पर भी दिखा। फोटो कॉपी, सीएससी सेंटर, ऑनलाइन फॉर्म भरने वाली दुकानें सुबह से ही बंद रहीं। वेल्डिंग वर्क शॉप, आरा मशीन, आटा चक्की का संचालन भी पूरी तरह ठप रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल रिपेयरिंग और कम्प्यूटर दुकानों पर ग्राहक आए तो जरूर, लेकिन बिजली नहीं होने से दुकानदारों ने हाथ खड़े कर दिए। कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम पार्लरों में रखा सामान पर भी असर देखा गया है। दुकानदारों ने बताया कि सुबह 10 बजे से लाइट नहीं है। फ्रिज और डीप फ्रीजर बंद हैं। जिन घरों और दुकानों में इनवर्टर लगे थे, वहां भी दोपहर 12 बजते-बजते बैटरी जवाब दे गई। लगातार 2 घंटे से ज्यादा लोड न चलने के कारण इनवर्टर बंद हो गए। इसके बाद पंखे, कूलर, एलईडी सब बंद हो गए।

जून के महीने में तापमान 42 डिग्री के आसपास चल रहा है। ऊपर से उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। बिजली नहीं होने से पंखे, कूलर, एसी सब शोपीस बनकर रह गए। घरों में महिलाएं हाथ के पंखे से हवा करती दिखीं। बुजुर्ग और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। कई घरों में बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। छोटे बच्चे गर्मी से व्याकुल होकर रोते रहे। लोगों ने छतों और पेड़ों की छांव में बैठकर समय काटा। शटडाउन का असर कृषि कार्य पर भी पड़ा। खरीफ सीजन की तैयारी चल रही है।

## महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

समाज की सामूहिक चेतना में सकारात्मकता स्थापित करने के पावन उद्देश्य से महर्षि विश्व शांति आंदोलन की इकाई महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान के बैनर तले आज महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट द्वारा स्थानीय काली पुतली स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में सकारात्मक चिंतन, नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक जागरूकता तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था और संस्कारों का संवर्धन करना रहा।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव, राष्ट्र की प्रगति तथा समस्त मानवता के कल्याण की कामना करते हुए सामूहिक प्रार्थना की। संपूर्ण कार्यक्रम को मधुरता एवं भक्तिमय वातावरण प्रदान करने में विद्यालय के संगीत शिक्षक श्री नीतेश कुमार मिश्रा तथा उनके शिष्यों भव्य राज उदासी, अयन सिंह ठाकुर एवं समर्थ तिवारी का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था एवं सफल संचालन में विद्यालय के ध्यान शिक्षक श्री मनोज ज्योतिषी सुनीता तिवारी एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।विद्यालय परिवार ने ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन, नैतिक जागरण और जनचेतना के प्रसार का प्रभावी माध्यम बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

## कस्टम मिलिंग राइस (CMR) का घोटाला उजागर, 10 ट्रकों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एथेनॉल प्लांट के नाम पर कस्टम मिलिंग राइस (CMR) का एक बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल 10 ट्रकों को जब्त किया है।

बालाघाट पुलिस अधीक्षक (SP) आदित्य मिश्रा ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि एफसीआई (FCI) गोदाम से छिंदवाड़ा के एथेनॉल प्लांट के लिए भेजा गया चावल कभी वहां पहुंचा ही नहीं, बल्कि उसे रास्ते में ही ठिकाने लगा दिया गया।



यह पूरा मामला 3 जून की रात का है। छिंदवाड़ा के बोरगांव में स्थित एथेनॉल प्लांट के लिए एफसीआई गोदाम से तीन ट्रक सीएमआर चावल लेकर रवाना हुए थे। कलेक्टर के निर्देश पर मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर खाद्य और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने वारासिवनी स्थित 'संचेती राइस मिल' पर छापेमारी की। वहां से टीम ने एक ट्रक को रंगे हाथों जब्त किया, जिसमें 242 क्विंटल सीएमआर चावल लोड था।

जब जांच को आगे बढ़ाया गया, तो पता चला कि इसके साथ निकले बाकी के दो ट्रक भी एथेनॉल प्लांट नहीं पहुंचे थे। वारासिवनी पुलिस ने जब इन ट्रकों को ट्रेस किया, तो ये सिवनी के भोरकल खापा स्थित एक इंडस्ट्रीज में खड़े मिले।

हैरानी की बात यह थी कि इन दोनों ट्रकों में वह सरकारी चावल गायब था, जो प्लांट के लिए भेजा गया था। पुलिस ने इन दोनों ट्रकों को भी तुरंत जब्त कर लिया। इसके बाद कड़ियों से कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस ने 7 और ऐसे ट्रकों की पहचान की, जिनसे भेजा गया चावल कभी एथेनॉल प्लांट तक पहुंचा ही नहीं था।

पुलिस को अंदेशा है कि एफसीआई गोदाम से एथेनॉल बनाने के लिए निकले इस सरकारी चावल को रास्ते में ही निजी राइस मिलों में उतार दिया गया और उसे मिलिंग के नाम पर दोबारा 'रीसाइकिल' (फेरबदल) कर सरकारी कोटे में खपाने की तैयारी थी। इस रैकेट का पता लगाने के लिए पुलिस सभी संबंधित वाहन मालिकों और ड्राइवरों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

इस 242 क्विंटल सीएमआर चावल की हेराफेरी और धोखाधड़ी के मामले में वारासिवनी पुलिस ने तीन मुख्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने संचेती राइस मिल के मालिक सौरभ संचेती, एव्हीजे एग्रीको प्राइवेट लिमिटेड (एथेनॉल प्लांट, बोरगांव) के अधिकृत प्रतिनिधि राहुल प्रताप और ट्रक ड्राइवर दुर्गेश शेन्द्रे के खिलाफ बीएनएस (BNS) की धारा 316(3) और 3(5) के तहत केस दर्ज किया है।

इस मामले में ट्रक ड्राइवर दुर्गेश शेन्द्रे को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मिल संचालक सौरभ संचेती और प्लांट प्रतिनिधि राहुल प्रताप अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

कोर्ट से इन दोनों की अग्रिम जमानत याचिका भी निरस्त (खारिज) हो चुकी है, जिसके बाद पुलिस और एसआईटी (SIT) की टीम इनकी तलाश कर रही है।

पुलिस का मानना है कि इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद इस सिंडिकेट से जुड़े कई बड़े चेहरों और रसूखदारों के नाम सामने आ सकते हैं।

### सर्पदंश से 12 साल के बच्चे की मौत



**बालाघाट।** बालाघाट जिले के बैहर थाना क्षेत्र के गुरखारी गांव में सर्पदंश से 12 वर्षीय बालक उमेश उइके की मौत हो गई। उसे बैहर अस्पताल से बालाघाट जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने शनिवार को डॉक्टर से तहरीर मिलने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में शून्य पर मर्ग कायम कर डायरी संबंधित थाने को अग्रिम जांच के लिए भेजी है। मृतक उमेश के दादा दुधासिंह मेरावी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को हुई थी। उमेश अपने छोटे भाई के साथ बाड़ी में मक्का लगाने के लिए सफाई का काम कर रहा था। इसी दौरान एक पतले सांप ने उसकी उंगली में काट लिया। कुछ देर बाद उमेश की उंगली में सूजन आ गई, जिसके बाद उसने अपनी मां को सांप के काटने की जानकारी दी। परिजन उसे तुरंत बैहर अस्पताल ले गए। वहां कुछ समय तक इलाज चला, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## अवैध खनिज परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, हाईवा और ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 19 जून 2026 को तहसील बैहर क्षेत्र में खनिज विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई कर अवैध परिवहन में संलिप्त दो वाहनों को जब्त किया।**

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि कार्रवाई के दौरान ग्राम मलाजखंड में हाईवा वाहन क्रमांक एमपी-50-एच-2755 को खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उक्त वाहन को आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस थाना मलाजखंड की अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-50-एए-1152 को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त कर पुलिस थाना बैहर की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम-2022 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### छोटी हार नहीं, बड़ा है जीवन : योगध्यान से मिलेगा युवाओं को आत्मबल
# आज मूलना स्टेडियम में होगा सामूहिक योग महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 21 जून को प्रातः मूलना स्टेडियम ग्राउंड में सार्वजनिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी सामाजिक संस्थाओं, खेल संगठनों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की गई है। इसी क्रम में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, बालाघाट द्वारा 14 जून से नगर के विभिन्न स्थानों पर योग के प्रति जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के अंतर्गत आज स्थानीय मूलना स्टेडियम में खिलाड़ियों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार विशेष योग सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी योगासन कराए गए। विशेष रूप से सूर्य नमस्कार एवं पद्म साधना का अभ्यास कराया गया तथा उनके लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि सूर्य नमस्कार शरीर में ऊर्जा, लचीलापन और स्फूर्ति प्रदान करता है, वहीं पद्म साधना शरीर, श्वास और मन के बीच संतुलन स्थापित कर एकाग्रता एवं आंतरिक शांति को बढ़ाती है।



इसके पश्चात विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास कराया गया और फिर गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के मार्गदर्शन में उनकी दिव्य वाणी में योगध्यान कराया गया। प्रतिभागियों को योगध्यान के महत्व से अवगत कराते हुए बताया गया कि नियमित योग, प्राणायाम और योगध्यान से शरीर, मन, बुद्धि और चेतना में सामंजस्य स्थापित होता है। इससे तनाव और चिंता कम होती है, एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है, आत्मविश्वास बढ़ता है, नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा व्यक्ति के भीतर नई ऊर्जा, सकारात्मकता और जीवन के प्रति उत्साह का संचार होता है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आजकल समाचार पत्रों और विभिन्न मीडिया माध्यमों में युवाओं द्वारा आत्महत्या जैसी दुखद घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। छोटी-छोटी असफलताओं, परीक्षा के तनाव अथवा जीवन की चुनौतियों से घबराकर कई युवा निराशा के कारण अपना अमूल्य जीवन समाप्त करने का प्रयास कर बैठते हैं, जबकि जीवन इससे कहीं अधिक मूल्यवान है।

उन्होंने कहा कि हार और जीत, सफलता और असफलता, संघर्ष और उपलब्धि जीवन के स्वाभाविक पहलू हैं। संघर्ष जितना अधिक होता है, व्यक्ति उतना ही मजबूत बनता है। परिस्थितियों से भागने के बजाय उनका साहसपूर्वक सामना करना आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं में राष्ट्र की एक अमूल्य संपत्ति है। योग और योगध्यान व्यक्ति के भीतर धैर्य, आत्मबल, सकारात्मक सोच और जीवन के प्रति उत्साह का संचार करते हैं, जिससे वह हर परिस्थिति का संतुलित मन से सामना कर सकता है। इसलिए आज के प्रत्येक युवा के लिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है।

वक्ताओं ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश "योगः कर्मसु कौशलम्" अर्थात योग कर्मों में कुशलता प्रदान करता है। योग केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता का आधार है। नियमित योग और योगध्यान से मन शांत, स्थिर और एकाग्र होता है, जिससे निर्णय क्षमता, कार्यकुशलता, रचनात्मकता और सकारात्मक सोच का विकास होता है।

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
+ माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Lalburra,Teh, Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111